# कक्षा 4 हिन्दी (वीणा)

## अभ्यास प्रश्न पत्र – 2

**(सत्र – 2026-27)**

**निर्धारित समय**: 2 घंटे | **अधिकतम अंक**: 50

**सामान्य निर्देश:**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं, खंड-अ, खंड-ब, खंड-स और खंड-द।
3. प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सामने दर्शाए गए हैं।

### खंड-अ (पठन)

**1.** नीचे दिए गए अनुच्छेद को ध्यान से पढ़ें और नीचे दिए गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दें: **[5×1 = 5]**

**सच्ची मदद**

रवि विद्यालय से घर लौट रहा था। रास्ते में उसने देखा कि एक वृद्ध व्यक्ति के हाथ से सब्जियों की थैली गिर गई है। कुछ सब्जियाँ सड़क पर बिखर गईं। रवि तुरंत उनके पास गया और सारी सब्जियाँ उठाकर थैली में रख दीं। वृद्ध व्यक्ति ने उसे धन्यवाद दिया। रवि ने कहा, "जब किसी को सहायता की आवश्यकता हो, तो हमें बिना देर किए उसकी मदद करनी चाहिए।" घर पहुँचने पर रवि ने अपनी माँ को यह बात बताई। माँ ने उसकी प्रशंसा की और कहा कि दूसरों की सहायता करने से मन को सच्ची खुशी मिलती है।

1. रवि ने वृद्ध व्यक्ति की मदद क्यों की?

(क) उसे पुरस्कार चाहिए था
(ख) उसे सहायता की आवश्यकता थी
(ग) वह सब्जियाँ खरीदना चाहता था
(घ) उसकी माँ ने कहा था

2. सड़क पर क्या बिखर गया था?

(क) किताबें
(ख) खिलौने
(ग) सब्जियाँ
(घ) कपड़े

3. रवि ने वृद्ध व्यक्ति से क्या कहा?

(क) जल्दी घर जाइए
(ख) जरूरत पड़ने पर सहायता करनी चाहिए
(ग) सब्जियाँ फिर से खरीद लीजिए
(घ) सड़क पर मत चलिए

4. रवि की माँ ने उसके किस गुण की प्रशंसा की?

(क) सहायता करने की भावना
(ख) तेज दौड़ने की
(ग) अधिक बोलने की
(घ) खेल खेलने की

5. अनुच्छेद का उचित संदेश क्या है?

(क) केवल अपने काम पर ध्यान देना चाहिए
(ख) जरूरतमंद की समय पर सहायता करनी चाहिए
(ग) रास्ते में रुकना नहीं चाहिए
(घ) सब्जियाँ हमेशा घर पर खरीदनी चाहिए

**2.** नीचे दिए गए अनुच्छेद को ध्यान से पढ़ें और नीचे दिए गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दें: **[5×1 = 5]**

**बारिश के बाद**

रात को खूब बारिश हुई। सुबह जब मीरा विद्यालय जाने के लिए बाहर निकली, तो उसे रास्ते के दोनों ओर चमकते हुए पानी की बूँदें दिखाई दीं। पेड़ों की पत्तियाँ धुलकर साफ हो गई थीं। कई चिड़ियाँ डालियों पर बैठकर चहचहा रही थीं। सड़क के किनारे छोटे-छोटे गड्ढों में पानी भरा था। मीरा ने देखा कि कुछ बच्चे पानी में कागज की नाव चला रहे हैं। वह भी थोड़ी देर उनके साथ खेलना चाहती थी, लेकिन उसे विद्यालय के लिए देर हो रही थी। उसने मुस्कुराकर बच्चों को हाथ हिलाया और आगे बढ़ गई।

1. रात को क्या हुआ था?
(क) आँधी आई थी
(ख) खूब बारिश हुई थी
(ग) बर्फ गिरी थी
(घ) धूप निकली थी

2. बारिश के बाद पेड़ों की पत्तियाँ कैसी हो गई थीं?
(क) सूखी
(ख) धूल भरी
(ग) धुलकर साफ
(घ) पीली

3. चिड़ियाँ कहाँ बैठी थीं?
(क) सड़क पर
(ख) डालियों पर
(ग) छत पर
(घ) नाव में

4. बच्चे क्या कर रहे थे?
(क) पतंग उड़ा रहे थे
(ख) कागज की नाव चला रहे थे
(ग) पेड़ लगा रहे थे
(घ) चित्र बना रहे थे

5. मीरा बच्चों के साथ क्यों नहीं रुकी?
(क) उसे बारिश पसंद नहीं थी
(ख) उसे विद्यालय के लिए देर हो रही थी
(ग) वह नाव नहीं बना सकती थी
(घ) वह घर वापस जाना चाहती थी

## खंड-ब (लेखन)

**3.** संवाद लेखन – **[5]**

कल्पना कीजिए कि आप अपने विद्यालय के पुस्तकालय में गए हैं। वहाँ एक पुस्तक आपसे बातचीत करने लगती है। दिए गए आरंभ को आगे बढ़ाते हुए संवाद लिखिए -

पुस्तक – नमस्ते! आज तुम मुझे पढ़ने के लिए क्यों चुन रहे/रही हो?
आप – ________________________________________________
पुस्तक – ______________________________________________
आप – ________________________________________________
पुस्तक – ______________________________________________
आप – ________________________________________________
पुस्तक – ______________________________________________

**4.** नीचे दी गई कहानी की शुरुआत को ध्यान से पढ़िए और अपनी कल्पना के अनुसार इसे लगभग 80-100 शब्दों में पूरा कीजिए। कहानी को एक उचित शीर्षक भी दीजिए और अंत में उससे मिलने वाली शिक्षा भी लिखिए। **[5]**
"विद्यालय से लौटते समय अनया को रास्ते में एक छोटा-सा बटुआ मिला। उसने बटुआ उठाया तो उसमें कुछ पैसे और एक पहचान-पत्र था। अनया ने पहचान-पत्र को ध्यान से देखा और सोचा कि..."

**या**

कल्पना कीजिए कि आपके विद्यालय में 'पेड़-पौधों की देखभाल दिवस' मनाया जा रहा है। आप उस दिन क्या-क्या करेंगे? अपने विचारों को 80-100 शब्दों के एक अनुच्छेद में लिखिए।

लिखते समय इन बिंदुओं का ध्यान रखें—
1. आप विद्यालय में कौन-सा काम सबसे पहले करेंगे?
2. पौधों की देखभाल के लिए कौन-कौन से कार्य किए जा सकते हैं?
3. आप अपने साथियों को पेड़ों की देखभाल के लिए कैसे प्रेरित करेंगे?

## खंड-स (व्याकरण)

**5.** उदाहरण के अनुसार लिंग बदलकर लिखिए- **[5×1 = 5]**

उदाहरण: लड़का → लड़की

(क) राजा → ______________
(ख) घोड़ा → ____________
(ग) मोर → _____________
(घ) शिक्षक → ___________
(ङ) पुत्र → _____________

**6.** निर्देशानुसार उत्तर दीजिए— **[5×1 = 5]**

1. नीचे दिए वाक्य को वर्तमान काल में बदलिए—
   अमर जयपुर की सैर पर गया। → ____________________

2. नीचे दिए वाक्य को भविष्यत् काल में बदलिए—
   हम संग्रहालय देखते हैं। → ______________________

3. 'झम-झम' शब्द का प्रयोग करते हुए एक वाक्य लिखिए।
   ________________________________________

4. निम्न शब्दों के पर्यायवाची लिखिए—
   (क) घर – ____________
   (ख) जल – ____________

5. नीचे दिए शब्दों से सार्थक वाक्य बनाइए—
   'आश्चर्य' – ________________________________

## खंड-द (पाठ्यपुस्तक)

**7.** नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें— **[10×1 = 10]**

(i) 'चिड़िया का गीत' में चिड़िया ने अपने घर का आकार किस चीज़ जैसा बताया है?

(ii) चिड़िया जब शाखाओं पर पहुँची, तो वहाँ की शाखाएँ कैसी थीं?

(iii) 'बगीचे का घोंघा' में घोंघे ने नल से गिरती बूँदों और मेंढक के बारे में क्या देखा?

(iv) घोंघे को अपने उद्यान से बाहर की दुनिया में कौन-कौन-सी नई ध्वनियाँ सुनाई दीं?

(v) 'नीम' कविता में नीम के पेड़ को किस प्रकार उपयोगी बताया गया है?

(vi) नीम कविता में आए 'लहराना' और 'बलखाना' किस प्रकार के शब्द हैं?

(vii) 'हमारा आहार' में गर्मी की पीड़ा हरने वाले किन फलों/सब्जियों का उल्लेख है?

(viii) भोजन में सलाद के लिए कविता में क्या कहा गया है?

(ix) 'आसमान गिरा' में लोमड़ी और भालू किस बात को सुनकर खरगोश के साथ भागने लगे?

(x) कहानी में शेर ने जानवरों को भागने के बजाय रुकने के लिए क्यों कहा?

**8.** किसी तीन के उत्तर दीजिए— **[3×1 = 3]**

(क) चिड़िया को अपना घोंसला पहले पूरी दुनिया क्यों लगता था?
(ख) घोंघे ने उद्यान के बाहर जाकर दुनिया को किस प्रकार विशेष पाया?
(ग) 'हमारा आहार' के अनुसार भोजन में किन चीजों की नियमितता स्वास्थ्य के लिए अच्छी है?
(घ) 'जयपुर से पत्र' में रामनिवास बाग के संग्रहालय में किन वस्तुओं का उल्लेख मिलता है?

**9.** निम्नलिखित में से किसी एक का उत्तर दीजिए— **[3]**
(क) 'आसमान गिरा' कहानी में यदि शेर खरगोश की बात तुरंत मान लेता और जाँच न करता, तो क्या हो सकता था? अपने विचार लिखिए।

**या**

(ख) 'बगीचे का घोंघा' में घोंघे ने पहली बार बड़ी-बड़ी चीजें देखकर आश्चर्य किया। आपके जीवन में ऐसी कौन-सी चीज रही है जिसे पहली बार देखकर आपको आश्चर्य हुआ? वर्णन कीजिए।

**10.** नीचे दिए गए पत्र के अंश को ध्यान से पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर अपनी समझ के अनुसार लिखिए— **[4]**

"जयपुर में घूमते हुए हम आमेर भी गए। वहाँ का पुराना और विशाल किला देखकर मैं बहुत प्रभावित हुआ। किले में शीशमहल भी देखने योग्य है। उसके पास शिला देवी का मंदिर है। दर्शन करने के बाद हम नगर लौटे। रात को राजस्थान के लोकनृत्य देखे और दाल-बाटी चूरमा खाया।"

(क) आमेर में अमर ने कौन-कौन सी दो चीजें देखने योग्य बताईं?

________________________________________________

(ख) शाम को अमर ने राजस्थान की कौन-सी सांस्कृतिक गतिविधि देखी?

________________________________________________

**या**

'जयपुर से पत्र' के आधार पर बताइए—

(क) जंतर-मंतर का निर्माण किसने करवाया था?

________________________________________________

(ख) रामनिवास बाग में स्थित संग्रहालय में किन लोगों से संबंधित वस्तुएँ रखी थीं?

________________________________________________